कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कानपुर नगर।
ठेको की नीलामी की सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय के परिसर, बहुखण्डीय भवन तथा नगर निगम पार्क में स्थित विभिन्न ठेको की नीलामी की कार्यवाही वित्तीय वर्ष 2018–2019 हेतु(दिनांक 01.04.2018 से 31.03.2019)तक की अवधि के लिये दिनांक 17.02.2018, को पूर्वान्ह 2:00 बजे प्रथम तल के बरामदे में सम्पादित की जायेगी जो व्यक्ति/संस्था ठेका नं0 1,2 व नगर निगम परिसर स्थित ठेका नं0–5 की ठेकों की नीलामी मे भाग लेना चाहते हो वे एक प्रार्थना पत्र के साथ अपना हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई.डी व पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुए केन्द्रीय नजारत में जमानत की धनराशि रूपया 50,000/–तथा शेष ठेकों के लिये रूपया 20,000/–कैशियर के पास दिनांक 16.02.2018 को सायंकाल 4:00 बजे तक जमा करेंगे उक्त धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद उन्हें वापस की जायेगी।

सन्दर्भित नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को बोली की आधी धनराशि तत्काल केन्द्रीय नजारत में जमा करनी होगी। तथा शेष धनराशि दो दिन में जमा करनी होगी अन्यथा उक्त बोली को निरस्त कर दिया जायेगा। सन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को ठेका प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निष्पादित करना होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि–

1–बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायेदार व काली सूची के अर्न्तगत न आता हो।

2–बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो। इस आशय का शपथपत्र बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली में भाग लेने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3–बोली स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित रहेगा।

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर परिसर व बहुखण्डीय भवन में स्थापित ठेकों का विवरण–

1– ठेका सायकिल स्टैण्ड (गवाह घर के पास)
2– ठेका बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर स्थित चाय नमकीन का स्टाल
3– ठेका अंकुरित चना बहुखण्डीय भवन के द्वितीय तल पर
4– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
5– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग (मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट कार्यालय के पास)
6– ठेका मुस्लिम होटल न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
7– ठेका चाट का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग
8– ठेका लाई चना का ठेला न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के नगर निगम पार्क में स्थित ठेकों का विवरण:–

1– ठेका शॉप नं0–1 फोटोकापी मशीन
2– ठेका शॉप नं0–2 स्टेशनरी
3– ठेका शॉप नं0–3 स्टेशनरी
4– ठेका शॉप नं0–4 फोटोकापी मशीन
5– ठेका शॉप नं0–5 जलपान (न्यायालय परिसर के बाहर की ओर)
6– ठेका शॉप नं0–6 जलपान कैन्टीन (न्यायालय परिसर के अन्दर की ओर)

07-02-2018

प्रभारी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी नजारत
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर। जिला एव सत्र न्यायालय
कानपुर नगर

इस नीलामी की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, बार एसो0, लायर्स एसो0, कार्या0 जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये व एक प्रति निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ को प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

अनुमोदित
जनपद न्यायाधीश,
कानपुर नगर।
DISTRICT JUDGE
KANPUR-NAGAR

07-02-2018
प्रभारी अधिकारी, नजारत,
जनपद न्यायालय, कानपुर नगर।
प्रभारी अधिकारी नजारत
जिला एवं सत्र न्यायालय
कानपुर नगर